





**सम्मेलन** | मुख्यमंत्री ने हटा में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में की सहभागिता, एमएलबी स्कूल में बनेगा ऑडिटोरियम, पटेरा में खुलेगा नया महाविद्यालय

# बेटियों और महिलाओं के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध : डॉ . यादव





( सूरज जैन, चंद्रपाल सिंह ( राजा )/ विनय असाटी )

**नवभारत, हटा 11 मार्च।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जहां बेटियां जन्म से लेकर अंतिम पड़ाव तक पूजी जाती हैं, वह सिर्फ और सिर्फ अपना मध्यप्रदेश ही है. नारियां सदैव पूजनीय हैं. हम अपने देश को भी जननी मानकर भारत माता की जय कहकर पूजते हैं. राज्य सरकार बेटियों और महिलाओं के समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है. सरकार की योजनाएं महिलाओं के जीवन में हर कदम पर पक्की सहेली बनकर उनके साथ खड़ी हैं.

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बेटियों और महिलाओं के समग्र कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर सभी कदम उठा रही है.मुख्यमंत्री डॉ.यादव बुधवार को दमोह जिले की हटा विधानसभा क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन सह शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना का बेहद अच्छा प्रभाव देखने को मिला है.

### 13 विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से दमोह जिले के लिए 405 करोड़ 58 लाख रुपये से अधिक की लागत के 13 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया. इसमें लगभग 232 करोड़ रूपए की लागत से हटा से गैसाबाद सिमरिया मार्ग (एसएच-55) के 73 किमी मार्ग के टू-लेन रोड के रूप में उन्नयन एवं चौड़ीकरण, 74 करोड़ 44 लाख रूपए की लागत से मडियादो से बर्धा किशनगढ़ सड़क निर्माण और 48 करोड़ 89 लाख रूपये की लागत से मड़ियादो से रजपुरा मार्ग के निर्माण कार्य का भूमिपूजन शामिल है.

### विकास के मूल मंत्र के तहत किए विकास कार्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विरासत से विकास के मूल मंत्र के तहत प्रदेश में कई उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं. पिछले साल इसी बुंदेलखंड क्षेत्र के वैश्विक पर्यटन स्थल खजुराहो में स्टेट कैबिनेट की मीटिंग कर सरकार ने 27 हजार 500 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यों को मंजूरी दी. मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल में ही सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन का टीकाकरण शुरू हुआ है.

### बेटियों को एचपीवी टीका अवश्य लगवाएं

उन्होंने सभी माताओं-बहनों से अपील करते हुए कहा कि अपनी पात्र बेटियों को एचपीवी टीका अवश्य लगवाएं और दूसरे लोगों को भी ऐसा ही करने के लिए जागरूक करें. मुख्यमंत्री ने बताया कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है, इससे हमारी बेटियों का भविष्य आजीवन सुरक्षित रहेगा. मुख्यमंत्री ने एचपीवी वैक्सीन का डोज लेने वाली हटा की आठ बेटियों को मंच से प्रमाण पत्र भी सौंपा. मुख्यमंत्री ने पात्र हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए.

### हटा अब बनेगा शिवकाशी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हटावासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी करते हुए हटा का नाम बदलकर इसे शिवकाशी नाम देने की घोषणा की. उन्होंने कहा कि हटा श्री श्री 1008 देवश्री गौरीशंकर की नगरी है,इसलिए अब इसे शिवकाशी के रूप में ही जाना जाएगा.मुख्यमंत्री ने हटावासियों को और भी कई सौगातें दीं. उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि हटा में नवीन आईटीआई भवन बनाया जाएगा.

### नया नगर पालिका भवन बनेगा

हटा में सर्वसुविधायुक्त नया नगर पालिका भवन एवं भव्य गीता भवन भी निर्मित किया जाएगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र में बड़ा स्कोप है,इसलिए हटा के महाविद्यालय में अब कृषि, उद्यानिकी व पशुपालन संकाय/विषय भी पढ़ाये जाएंगे. मुख्यमंत्री ने कहा कि विनती-मड़ियादौ-चौरईया मार्ग का चौड़ीकरण कराया जाएगा. हटा के शासकीय पीएमश्री महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में इंडोर ऑडिटोरियम बनाया जाएगा. मुख्यमंत्री ने पटेरा में नया महाविद्यालय खोले जाने की घोषणा करते हुए कहा कि मड़ियादो एवं देवरी फतेहपुर में नया हायर सेकेण्डरी भवन बनाया जाएगा.

### तारादेही तिराहे से चौरई तक मार्ग का होगा चौड़ीकरण

इसी प्रकार नगर परिषद तेंदूखेड़ा में तारादेही तिराहे से चौरई तक मार्ग चौड़ीकरण व सौन्दर्यीकरण कार्य कराए जाएंगे. नगर परिषद तेंदूखेड़ा में वार्ड क्रमांक 3 में सी.सी. रोड निर्माण कराया जाएगा. गहरा से चौपरा-सिमरी तक मार्ग का चौड़ीकरण किया जाएगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि दमोह जिले में औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार किया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना के जरिए बुंदेलखंड के हर खेत को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा.खेतों में फसलें लहलहाएंगी, अब हटा से कोई रोजगार की तलाश में बाहर नहीं जाएगा.

### प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ा

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिंचाई का रकबा अब 55 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है. इसमें 10 लाख हेक्टेयर रकबा तो पिछले दो साल में ही बढ़ा है.मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में महिला कल्याण से जुड़ी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना है.बेटियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए हम कोई कसर नहीं रखेंगे. महिलाओं की खुशहाली में ही प्रदेश की खुशहाली है।

### सरकार नारी कल्याण के लिए समर्पित है

उन्होंने कहा कि हमने दो दिन पहले महिला दिवस मनाया है. अब आगे नवरात्रि आ रही है. राज्य सरकार नारी कल्याण के लिए समर्पित है. प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को हर माह सम्मानपूर्वक 1500 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है. उन्होंने कहा कि बहुत जल्द लोकसभा और विधानसभा में बहनों को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा.राज्य में नगरीय निकायों में यह आरक्षण 50 प्रतिशत तक है.

### उमादेवी को दी जन्मदिन की बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हटा विधायक उमादेवी खटीक को जन्मदिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे हटावासियों की दीर्घकाल तक सेवा करती रहें. हटा विधायक उमादेवी खटीक ने स्वागत संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज पहली बार हटा विधानसभा क्षेत्र आए हैं. साथ में 405 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की सौगातें भी लाये हैं. उन्होंने कहा कि नारी पूरे समाज के विकास की प्रमुख आधारशिला होती है. आज हमारी महिलाएं शिक्षा, सेना और हर क्षेत्र में देश को गौरव दिला रही हैं.

### मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत

बुधवार दोपहर 4 बजे सागर से हैलीकॉप्टर से हटा हैलीपेड मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पहुंचे.हैलीपेड पर भव्य आगवानी की. साथ में प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार भी पहुंचे. पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया. इस अवसर पर मंत्री लखन पटेल, धर्मेंद्र सिंह, विधायक जयंत मलैया, श्रीमती उमादेवी लालचंद खटीक, अध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष और भी जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे.

### मुख्यमंत्री ने गौरीशंकर मन्दिर में की पूजा-अर्चना

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गौरीशंकर मन्दिर पहुंचे. यहां दुल्हावेश धारी भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर पूजन के बाद, परिसर में आयोजित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए. हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल जाने के दौरान जगह-जगह हटावासियों ने मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत कर अभिनंदन किया.

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में उच्च शिक्षा, आयुष व तकनीकी शिक्षा मंत्री व दमोह जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार, प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन,धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी, पशुपालन व डेयरी विकास राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल, हटा विधायक उमादेवी खटीक, पूर्व मंत्री व दमोह विधायक जयंत मलैया, एडिशनल कमिश्नर पवन जैन, डीआईजी छतरपुर विजय खत्री, राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल,जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू धर्मेन्द्र कटारे, पूर्व विधायक सोना अहिरवार, पूर्व विधायक हटा पीएल तंतुवाय,भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे आदि उपस्थित रहे।







# कार से 90 लीटर शराब बरामद

**▸ पुलिस की अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही**

**नवभारत,दमोह 11 मार्च।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया व एसडीओपी प्रिया सिंधी के निर्देशन में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है.

उपरोक्त अभियान के तहत् 9 मार्च को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि, बिल्थरा शराब दुकान से एक सफेद रंग की कार में शराब लोड हो रही है. उक्त सूचना की तस्दीक हिंडोरिया पुलिस के द्वारा की गई. बिल्थरा शराब दुकान के सामने एक सफेद रंग की बलेनो कार क्रमांक एमपी 20 जेडबी 2224 में दो व्यक्ति कार की पीछे की डिग्गी में शराब के कार्टून रखते हुए दिखे। पुलिस को देखकर डिक्की बंद कर भागने का प्रयास करने लगे तो पुलिस द्वारा उक्त दोनों व्यक्तियों को घेराबंदी करके पकड़ा गया.

**दो आरोपियों को किया गिरफ्तार**-कार की डिक्की चेक करने पर 10 कार्टून में 500 पाव प्रत्येक पाव 180 एम एल देसी मदिरा मसाला कुल 90 लीटर रखा होना पाया गया. जो उक्त दोनों के पास उक्त शराब रखने व परिवहन के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं होना पाया गया. जिससे मौके पर 10 पेटी उपरोक्त शराब, व बलेनो कार उपरोक्त कुल कीमती 452000 रुपये को विधिवत जब्त कर आरोपी दानिश और प्रकाश राठौर को विधिवत गिरफ्तार किया।

# अनियंत्रित तेज रफ्तार बोलेरो नाली में जा घुसी, बाल-बाल बचे यात्री

**▸ हाई-वोल्टेज ट्रांसफार्मर से टकराने से पहले रुकी गाड़ी**

**नवभारत,बटियागढ़ 11 मार्च।** बटियागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत हटा-बटियागढ़ मार्ग पर बुधवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना टल गई. यात्रियों से भरी एक तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नाली में जा घुसी. गनीमत यह रही कि वाहन में सवार महिला, पुरुष और बच्चों को गंभीर चोटें नहीं आईं और एक बड़ा हादसा टल गया.

जानकारी के अनुसार, बोलेरो वाहन यात्रियों को लेकर अगारा गांव से मगरोंन गांव की ओर एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था.जैसे ही वाहन बेलखड़ी गांव के पास पहुंचा, चालक ने नियंत्रण खो दिया और गाड़ी सीधे सड़क किनारे बनी गहरी नाली में जा गिरी.

**नाली में फंसने के बाद रुकी कार**-प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बोलेरो की रफ्तार इतनी अधिक थी कि वह नाली में फंसने के बाद पास ही लगे 200 एचपी के बिजली ट्रांसफार्मर के बेहद करीब जाकर रुक गई. यदि वाहन बिजली के खंभे या ट्रांसफार्मर से टकरा जाता, तो करंट फैलने के कारण मौके पर ही बड़ी जनहानि हो सकती थी. ग्रामीणों के अनुसार, गाड़ी की गति को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि यदि कोई सामने आता तो उसके परखच्चे उड़ जाते.

**ग्रामीणों ने की मदद**-दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सुरक्षित रूप से सभी यात्रियों को बाहर निकाला.मानवता का परिचय देते हुए ग्रामीणों ने यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए दूसरी फोर-व्हीलर गाड़ी की व्यवस्था की. इसके बाद, मार्ग पर बाधित यातायात को सुचारू करने के लिए दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो को जेसीबी की मदद से खींचकर बाहर निकाला गया और रास्ते से हटाया गया.



# व्हील चेयर एवं टीचिंग मटेरियल किया प्रदान

**दमोह 11 मार्च।** जनपद शिक्षा केंद्र दमोह में विकासखंड अंतर्गत विभिन्न शालाओं में चिन्हित विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शासन निर्देशानुसार उपकरण वितरित करने एक शिविर का आयोजन बीआरसी कार्यालय में किया गया।

पूर्व में चिकित्सकीय मूल्यांकन के बाद उपकरण हेतु कुल चिन्हित बच्चों को आमंत्रित कर उन्हें दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया एवं जनपद अध्यक्ष प्रीति सिंह ने व्हील चेयर एवं टीचिंग मटेरियल प्रदान किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीआरसी ललित कुमार रैकवार ने बताया कि राज्य शिक्षा केंद्र एवं जिला शिक्षा केंद्र के निर्देश अनुसार पुनर्वास विशेषज्ञ अमर बहादुर सिंह आडियोलॉजिस्ट कृष्णा गुप्ता आर्टिफिशियल पार्ट फिटिंग हेतु नियुक्त सार्थक शर्मा ने शिविर में उपस्थित बच्चों को उनकी सामग्री के उपयोग के तरीके बताये। एमआरसी गीता गुप्ता, रूपनारायण तिवारी व श्रीराम सेन ने बताया कि इस शिविर में शासन से अनुबंधित एलिमको कम्पनी, जो दिव्यांगों के लिए उपकरण तैयार करती है। शिविर में बीएसी सत्यनारायण तिवारी, शिवराज चौधरी, नवनीत स्वामी, दीपमाला जैन, स्वेता जैन, निधि ठाकुर आदि की उपस्थिति रही।



# पेट्रोल-डीजल और गैस की कोई कमी नहीं

**▸ कलेक्टर ने कहा- अफवाहों पर ध्यान नहीं दें**

**नवभारत, दमोह 11 मार्च।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के गैस एजेंसी संचालकों, मैरिज गार्डन संचालकों, कैटरर्स और पेट्रोल पंप मालिकों के साथ बैठक कर आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की।बैठक में सभी संबंधितों से चर्चा कर सुझाव लिए गए और वर्तमान स्थिति को लेकर स्पष्ट जानकारी दी गई।

कलेक्टर श्री कोचर ने आम जनता से आग्रह करते हुए कहा कि जिले में पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। लोगों को किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए और अनावश्यक रूप से ईंधन का स्टॉक करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जरूरत के अनुसार जिले में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल और डीजल उपलब्ध है। यदि लोग अनावश्यक रूप से स्टॉक करते हैं तो इससे कृत्रिम अभाव की स्थिति बन सकती है।

### घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता सामान्य है

उन्होंने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता भी पूरी तरह सामान्य है। केवल बुकिंग की अवधि में थोड़ा बदलाव किया गया है। पहले सिलेंडर बुक करने के बाद अगला सिलेंडर 21 दिन बाद बुक किया जा सकता था, जिसे अब बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है। इसके अलावा किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है।